# बिहार विधान सभा सचिवालय

## सूचना

## कनीय लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु सीमित प्रतियोगिता परीक्षा

**1.** बिहार विधान सभा सचिवालय अन्तर्गत कनीय लिपिक के कुल 06 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन **दिनांक 27.06.2023 को 11:00 बजे पूर्वा० से 01:00 बजे अप० तक** किया जायेगा। इसके लिए सभा सचिवालय में कार्यरत सभी उम्र के पुस्तकालय परिचारी, कार्यालय परिचारी, कार्यालय परिचारी (क्रम पत्र वितरक), कार्यालय परिचारी (रात्रि प्रहरी), कार्यालय परिचारी (दरबान), कार्यालय परिचारी (फर्रास), कार्यालय परिचारी (सफाईकर्मी) एवं कार्यालय परिचारी (माली) जिन्होंने उक्त पद पर कम से कम 3 (तीन) वर्षों की सेवा की हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। वैसे योग्य अभ्यर्थी जो उक्त परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे **दिनांक 23.06.2023 को 03:00 बजे अप०** तक सचिव, बिहार विधान सभा को विहित आवेदन प्रपत्र में एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ संलग्न करते हुए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर उपलब्ध है। **निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**

**2.** **औपबंधिक रिक्तियों का विवरणः**

| क्रम सं. | कोटि | पदों की कुल संख्या | 35% क्षैतिज आरक्षण के फलस्वरूप महिलाओं के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित | 02 | 00 |
| 2. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 01 | 01 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 01 | 00 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 00 | 00 |
| 5. | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 02 | 01 |
| 6. | पिछड़ा वर्ग | 00 | 00 |
| 7. | पिछड़े वर्ग की महिला | 00 | 00 |
| | **योगः—** | **06** | **02** |

**3.** **शैक्षणिक योग्यता** : आवेदन करने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी को राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान या इण्टरमीडिएट परिषद से इण्टरमीडिएट की योग्यता हो।

**4.** **परीक्षा की पद्धति** : सीमित प्रतियोगिता परीक्षा **वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय** ली जायेगी, जिसमें सामान्यतः मैट्रिक स्तर के प्रश्न पूछे जायेंगे।

इस परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकृति के बहुविकल्पीय होंगे। प्रश्नवार बहुविकल्पीय उत्तरों में से किसी एक उत्तर का चयन अपेक्षित होगा। परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी और कुल 100 प्रश्न होंगे।

परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी होगा। इस परीक्षा में निम्नांकित विषय होंगे :—

(क) सामान्य अध्ययन एवं गणित — प्रश्नों की संख्या 30 होगी।

(ख) हिन्दी — प्रश्नों की संख्या 20 होगी।

(ग) बिहार विधान सभा की प्रक्रिया/कार्य प्रणाली का सामान्य ज्ञान — प्रश्नों की संख्या 50 होगी।

**5.** **परीक्षा का पाठ्यक्रम :**

**(क)** **सामान्य अध्ययनः**—इन प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी को उसके आस—पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जांच करना होगा। वर्त्तमान घटनाओं और दिन—प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी संबंधी ऐसे प्रश्न भी शामिल किये जायेंगे, जिनके बारे में जानकारी रखने की किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें बिहार, भारत और इसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से यथा सम्भव प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

(i) **सम–सामयिक विषयः**–महत्वपूर्ण राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम–सामयिक घटनायें, वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, खेल–खिलाड़ी।

(ii) **भारत और उसके पड़ोसी देशः**–पड़ोसी देशों का इतिहास, भारत एवं बिहार का इतिहास/संस्कृति/भूगोल/आर्थिक परिदृश्य/कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं, भारत का संविधान एवं राजनीतिक प्रणाली, भारत के संवैधानिक एवं संसदीय प्रणाली का उद्भव एवं क्रमिक विकास, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षीय योजना, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन एवं आन्दोलन में बिहार का योगदान।

**गणितः**–संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं का अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंक गणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज एवं लाभ और हानि।

(ख) **हिन्दीः**– पर्यायवाची शब्द, विपरीतार्थक (विलोम) शब्द, अनेकार्थक शब्द, शब्द–युग्म, संज्ञा शब्दों से विशेषण बनाना, शब्द–शुद्धि, वाक्य शुद्धि, वाच्य, वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द, मुहावरे और लोकोक्तियां एवं कार्यालयी पत्रों से संबंधित ज्ञान।

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–2374, दिनांक 16.07.2007 एवं पत्रांक–6706, दिनांक 01.10.2008 के आलोक में उक्त परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए **40%**, पिछड़ा वर्ग के लिए **36.5%**, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए **34%** एवं अनुसूचित जाति/जनजाति, महिलाओं तथा निःशक्तता से ग्रस्त (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए **32%** अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

अवर सचिव

बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना।

# बिहार विधान सभा सचिवालय
## कनीय लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु सीमित प्रतियोगिता परीक्षा
## आवेदन–प्रपत्र

फोटो

1. आवेदक का नाम (क) हिन्दी में :..................................................................................

   (ख) अंग्रेजी में :...............................................................................................

2. पिता का नाम : .................................................................................................

3. जन्म तिथि : ........../........../......................  4. लिंग : पुरूष ☐  महिला ☐

5. वैवाहिक स्थिति (अविवाहित/विवाहित) : .................................................................

6. पति/पत्नी का नाम : .........................................................................................

7. आवेदक की श्रेणी/कोटि : ..................................................................................

   (अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग आदि)

8. सभा सचिवालय में प्रथम नियुक्ति/योगदान की तिथि : ......................................................................

9. वर्त्तमान में कार्यरत पद का नाम : ....................................................

10. PRAN/GPF No. : ..........................................................................

11. मोबाईल संख्या : ..........................................................................

12. ई–मेल आई.डी. : ..........................................................................

13. **शैक्षणिक योग्यता** :

| परीक्षा उत्तीर्ण | उत्तीर्णता वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय | प्रतिशत प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | |
| इण्टरमीडिएट/10+2 | | | | |

14. स्थायी पता : ..........................................................................................................

    ग्राम/मोहल्ला : ........................................ डाकघर : ............................................

    थाना : ........................................................ जिला : ................................................

    राज्य : ........................................................

15. पत्राचार का पता : .....................................................................................................

    .................................................................................................................................

    .................................................................................................................................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाएँ सही एवं सत्य हैं। यदि कोई सूचना गलत पायी जाती है अथवा तथ्य छिपाने का प्रमाण मिलता है तो वैसी स्थिति में मेरा दावा किसी भी समय रद्द करने हेतु सभा सचिवालय को प्राधिकृत करता/करती हूँ।

स्थान : पटना

तिथि : ....../....../.................  आवेदक का हस्ताक्षर